राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने राजभवन स्थित दरबार हॉल में आयोजित जयन्ती–समारोह में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व॰ लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण किया

पटना, 02 अक्टूबर 2018

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित समारोह में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व॰ लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के अवसर पर उनकी तस्वीरों पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा निवेदित की।

पूज्य बापू एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व॰ शाास्त्री जी की तस्वीर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री विवेक कुमार सिंह सहित राज्यपाल सचिवालय के सभी वरीय पदाधिकारियों ने भी श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में सभी राजभवन कर्मियों ने भी पूज्य बापू एवं स्व॰ शास्त्री जी को पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर दरबार हॉल में गाँधी जी के प्रिय भजनों एवं रामधुन का भी गायन हुआ।

'गाँधी जयन्ती' एवं 'शास्त्री जयंती' के अवसर पर राजभवन–परिवार के बच्चों के बीच राज्यपाल श्री टंडन के मिष्ठान्न भी वितरित किया।

ज्ञातव्य है कि कल राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के 150वें जयंती वर्ष की पूर्व संध्या में राजभवन स्थित राजेन्द्र मंडप में भजन–गायन का भी कार्यक्रम हुआ था, जिसमें गाँधीजी के प्रिय भजनों तथा सूफी भजनों का गायन दो कलाकारों श्री अजित कुमार लाभ एवं श्री अमर आनंद द्वारा किया गया था।

....